भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

18.12.2024 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3873 का उत्तर

बेलगावी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए आरओबी की संख्या

3873. श्री जगदीश शट्टर:

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बेलगावी लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र में अब तक कितने सड़क ऊपरी पुलों (आरओबी) को स्वीकृति प्रदान की गई है और उनकी वर्तमान स्थिति क्या है और तत्संबंधी अन्य ब्यौरा क्या है;

(ख) बेलगावी शहर में समपार सं. 381 के स्थान पर बनाए जा रहे आरओबी की स्थिति क्या है; और

(ग) लेन-2 के चल रहे निर्माण कार्य की प्रक्रिया को रोकने का क्या कारण है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (ग): समपार के बदले ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल के निर्माण कार्य को मंजूरी देना भारतीय रेल की सतत् और गतिशील प्रक्रिया है। ऐसे निर्माण कार्य की प्राथमिकता निर्धारित की जाती है और उन्हें गाड़ी परिचालन में संरक्षा पर प्रभाव, गाड़ियों की गतिशीलता और सड़क उपयोगकर्ताओं पर प्रभाव तथा व्यवहार्यता आदि के आधार पर शुरू किया जाता है।

2004-14 की तुलना में 2014-24 के अवधि के दौरान भारतीय रेल पर निर्मित ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल की संख्या निम्नानुसार है:

अवधि	निर्मित किए गए ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल
2004-14	सं. 4,148
2014-24	सं. 11,945 (लगभग तीन गुना)

01.04.2024 तक, भारतीय रेल पर 92,692 करोड़ रुपये की लागत से 4200 अदद ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल स्वीकृत हैं और कर्नाटक राज्य में 2,483 करोड़ रुपये की लागत से ऊपरी सड़क पुल/निचले सड़क पुल के 105 स्वीकृत निर्माण कार्य हैं, जिनमें बेलगावी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 07 अदद ऊपरी सड़क पुल शामिल हैं, जो योजना और निष्पादन के विभिन्न चरणों में है।

01.04.2024 तक, बेलगावी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र सहित कर्नाटक में 233 अदद ऊपरी सड़क पुल और 808 निचले सड़क पुल मौजूद है।

बेलगावी शहर में समपार संख्या: 381 के बदले ऊपरी सड़क पुल के निर्माण कार्य को लागत हिस्सेदारी के आधार पर मंजूरी दी गई है। यह 4-लेन का ऊपरी सड़क पुल है जिसे दो चरणों में बनाने की योजना है, जिसे रेलवे द्वारा एकल इकाई के आधार पर निष्पादित किया जा रहा है। ऊपरी सड़क पुल की पहली दो लेन 12.10.2022 से चालू कर दी गई हैं।

बहरहाल, राज्य सरकार के सुझाव के अनुसार संकल्पनात्मक योजना में परिवर्तन के कारण ऊपरी सड़क पुल के अन्य 2-लेन के खानपुर की ओर पहुंच मार्ग के निर्माण का कार्य रोक दिया गया था। अब, आशोधित योजना के अनुसार संशोधित अनुमान स्वीकृत कर दिया गया है।

******